दिनांक : 08.12.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

लोकसभा - वंदे मातरम

लोकसभा में आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा शुरू हुई। राष्ट्रीय गीत, बंकिमचंद्र चटर्जी ने वर्ष 1875 में लिखा था। चर्चा की शुरुआत करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के मंत्र ने समूचे देश को शक्ति और प्रेरणा दी तथा स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जावान बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वंदे मातरम का स्मरण इस सदन के सभी सदस्यों और देशवासियों के लिए बड़ा सौभाग्य है। श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को पुनः स्थापित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम वह शक्ति है जो लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम पर चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने औपनिवेशिक

शासन के खिलाफ कठिन समय में ऊर्जा और आशा का संचार किया।

मुख्यमंत्री-पन्ना नेशनल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सुबह पन्ना नेशनल पार्क के मडला गेट से 10 नई वीविंग कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब इन बसों के जरिए पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव और अधिक सुविधाजनक तरीके से ले सकेंगे। इन कैंटर बसों में एक साथ 19 पर्यटकों के बैठने की क्षमता है। यह बसें अन्य सफारी वाहनों की तुलना में अधिक लंबी और ऊंची हैं, जिससे पर्यटकों को बेहतर दृश्य और अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ये बसें अधिक सुरक्षित मानी जा रही हैं। इन बसों की लंबाई और ऊंचाई भी अधिक है, जिससे सफर के दौरान पर्यटकों को ज्यादा जगह और आराम मिलता है।

एसआईआर

इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर अभियान के तहत पांच शहरी और चार ग्रामीण विधासभाओं में मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। आम मतदाताओं की सुविधा के लिए इंदौर जिले में 2003 की जानकारी प्राप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में

विद्यालय संकुल स्तर पर झोन बनाकर हेल्प डेस्क स्थापित की गयी। वहीं इंदौर नगर निगम के 22 जोन में हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाता अथवा उनके परिजन को वर्ष 2003 की मतदाता सूची की जानकारी दी गयी। जिले में शत प्रतिशत से मतदाताओं का डिजिटलाइजेषन किया जा चुका है।

तानसेन समारोह

विश्वविख्यात तानसेन संगीत समारोह का 101वॉ संस्करण 15 से 19 दिसम्बर तक ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले पद्मविभूषण-पद्मश्री एवं शिखर सम्मान प्राप्त संगीतज्ञों की संगीत सभाएं आयोजित की जाएगी। इसका कल दतिया में प्रादेशिक पूर्वरंग श्रृंखला के साथ शुभारंभ होगा। 13 दिसंबर को शिवपुरी में संगीत सभा सजेगी जिसमें स्थानीय एवं युवा प्रतिभावान कलाकारों को हुनर दिखाने का मंच उपलब्ध होगा।

संक्षिप्त समाचार

1- भोपाल में एसआईआर के डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो गया है। 21 लाख 25 लाख से ज्यादा वोटर्स के फॉर्म डिजिटाइज किए गए, लेकिन 2 लाख 26 हजार वोटर्स ऐसे मिले, जिनका 2003 की वोटर्स लिस्ट के अनुसार डेटा नहीं मिला है।

2- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में हुई स्वास्थ्य विभाग समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन अभियान, मलेरिया, अंधत्व नियंत्रण और कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई।

3- शिवपुरी जिले में पोहरी क्षेत्र के अहेरा आदिवासी बस्ती में कल एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।